राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# राज्यपाल को डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने 'विकसित राजस्थान@2047' की प्रथम प्रति भेंट की

जयपुर, 5 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे को लोकभवन में बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं लेखक डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने 'विकसित राजस्थान@2047' अंग्रेजी और हिंदी में लिखी पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की। राज्यपाल ने इसकी सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

श्री शर्मा ने राज्यपाल श्री बागडे को बताया कि राज्य सरकार द्वारा 'विकसित राजस्थान विजन 2047' दस्तावेज तैयार किया गया है। इस दस्तावेज के अंतर्गत विकसित राजस्थान के लिए रखी प्राथमिकताओं में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं, महत्वपूर्ण नीतियों, कार्यक्रमों और विकास से जुड़े कार्य विशेष रूप से दिये गए हैं। युवाओं और आम जन तक 'विकसित राजस्थान' की सोच को पहुंचाने के लिए पुस्तक का सम्पादन और लेखन किया गया है।

----

